**मुजफ्फरपुर विमानपत्तन हेतु योजना**

*143. **डा. अनिल कुमार साहनी** : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिहार में सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मुजफ्फरपुर विमानपत्तन का उन्नयन करने तथा वहां से विमान सेवाएं आरंभ करने हेतु कोई योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**नागर विमानन मंत्री (श्री अजीत सिंह)** : (क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

***विवरण***

(क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा मुजफ्फरपुर हवाईअड्डे के विकास के लिए एक व्यवहार्यता अध्ययन कराया गया था जिसमें इंगित किया गया है कि इस हवाईअड्डे के विकास के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं है।

**Plan for Muzaffarpur Airport**

†*143. DR. ANIL KUMAR SAHANI: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government is formulating any scheme to make Muzaffarpur Airport in Bihar, which is strategically very important, functional as well as upgrade it;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI AJIT SINGH): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

***Statement***

(a) No, Sir.

(b) Does not arise.

†Original notice of the question was received in Hindi.

(c) For the development of Muzaffarpur Airport, a feasibility study was conducted by the Airports Authority of India which indicates that there is no potential for its development at present.

**डा. अनिल कुमार साहनी** : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि मुजफ्फरपुर जिला का पताही हवाईअड्डा, जो 1980 में शुरू किया गया था, वहां से विमान चल रहा था। मुजफ्फरपुर, जो विश्व प्रसिद्ध लीची के लिए प्रसिद्ध है, महावीर बुद्ध की वैशाली बगल में है, जो उत्तर बिहार और नेपाल की सीमा पर है। वहां पर उस हवाईअड्डे को इसीलिए रोक दिया गया, इसलिए बंद कर दिया गया क्योंकि उसका नामकरण अमर शहीद जुब्बा साहनी के नाम पर होने वाला था।...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : आप सवाल पूछिए।

**डा. अनिल कुमार साहनी** : अमर शहीद जुब्बा साहनी के नाम पर उनका नामकरण होने वाला था, इसीलिए उस हवाईअड्डे को बंद कर दिया गया और आज वहां पर अतिक्रमण हो रहा है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या आज़ादी के बाद जो देश के लिए फांसी पर चढ़े और जिन्होंने...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : आपका प्रश्न क्या है?

**डा. अनिल कुमार साहनी** : सर, मैं सवाल ही पूछ रहा हूं। जो देश की आज़ादी के लिए फांसी पर चढ़ गए, उनके नाम पर जब कुछ खोलने की बात होती है, यहां पर माननीय रामविलास पासवान जी बैठे हुए है, जब वे डाक और सूचना प्रसारण मंत्री थे, इन्होंने डाक टिकट...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : अगर आप इस तरह से भाषण देंगे तो यह प्रश्नकाल में नहीं होगा।

**डा. अनिल कुमार साहनी** : सर, मैं भाषण नहीं दे रहा हूं। मेरा कहने का मतलब है कि अमर शहीद जुब्बा साहनी के नाम पर रेलवे स्टेशन को नीतीश कुमार जी ने किया।...**(व्यवधान)**... आपने उस एयरपोर्ट को बंद क्यों किया? वहां से लीची का फल पूरे...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please sit down.

**डा. अनिल कुमार साहनी** : उसको पुनः चालू करने के लिए क्या आपके पास कोई प्रस्ताव है? जो आपने उत्तर दिया है, उसमें आपने कहा कि हवाईअड्डे के विकास के लिए गुंजाइश नहीं है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या इसको पुनः चालू करने का कोई प्रस्ताव है या नहीं?

**श्री अजित सिंह** : सर, मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट का पांच साल पहले सर्वे किया गया था। वहां पर एक टूटा-फूटा टर्मिनल 20 लोगों के लिए है। उस सर्वे में पाया गया कि वहां एयरपोर्ट चलाने की कोई संभावना नहीं है। किसी एयरलाइन ने भी रिक्वेस्ट नहीं की है कि वे वहां से फ्लाई करना चाहते हैं।

**श्री सभापति** : दूसरा सप्लीमेंटरी पूछिए, लेकिन भाषण मत दीजिएगा, केवल सवाल करिए।

**डा. अनिल कुमार साहनी** : आप एयर इंडिया से चलवाइए। विश्वप्रसिद्ध लीची के लिए कार्गो सेवा देने के लिए और अमर शहीद जुब्बा साहनी के सम्मान के लिए क्या उसको पुन: चालू कराने का कोई प्रस्ताव आप लाएंगे या उस पर विचार करेंगे अथवा नहीं?

**श्री अजित सिंह** : सर, माननीय सदस्य मुजफ्फरपुर के बारे में जानना चाह रहे हैं। मैं माननीय सदस्य को फिर से बताना चाहूंगा कि मुजफ्फरपुर में सर्वे हुआ और वहां पर एयरपोर्ट चलाने की स्थिति में एयरपोर्ट अथॉरिटी नहीं है। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि बिहार में 28 एयरस्ट्रिप या एयरपोर्ट हैं। उनमें से एयरपोर्ट अथॉरिटी के तीन हैं, जिनमें से दो ऑपरेशनल हैं। इसके अलावा और कोई एयरपोर्ट बिहार में ऑपरेशनल नहीं है।

**श्री रामविलास पासवान** : सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने कहा कि मुजफ्फरपुर वायबल नहीं है या सर्वे में रिजेक्ट कर दिया गया है। पटना का एयरपोर्ट अनसेफ है, वह कब बंद हो जाएगा, पता नहीं। बिहार, जो दूसरे नम्बर की बड़ी स्टेट है, क्या वहां पर कभी कोई एयरलाइन जाएगी ही नहीं? आपकी रिपोर्ट के मुताबिक पटना अनसेफ है और वह किसी भी समय बंद हो सकता है, वहां पर कई एक्सिडेंट्स होते हैं, मुजफ्फरपुर वायबल नहीं है तो फिर बिहार में क्या ऑल्टरनेटिव है? क्या सरकार ने वहां पर कोई ऑल्टरनेटिव बनाने की कोशिश की है और यदि की है तो क्या है?

**श्री अजित सिंह** : सभापति महोदय, मेरे मित्र और पुराने सांसद पासवान साहब ने जो सवाल उठाया है, वह ठीक है। अब पटना एयरपोर्ट को बढ़ाने की जगह वहां पर नहीं है। एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट पटना के पास बनाने की जरूरत है। लेकिन राज्य सरकार ने अभी कोई प्रस्ताव नहीं दिया है, बल्कि हमारी मिनिस्ट्री ने राज्य सरकार को लिखा है और डिफेंस मिनिस्ट्री को भी लिखी है कि वहां पर डिफेंस का Bihta एयरपोर्ट है, अगर थोड़ी जमीन और वहां पर राज्य सरकार दे दे, तो इंटरनेशनल एयरपोर्ट वहां बन सकता है। लेकिन अभी कोई जबाव राज्य सरकार की ओर से नहीं आया है।

**श्री रामविलास पासवान** : आप करेंगे, तभी तो होगा। बिहार सरकार तो करने वाली नहीं है।...**(व्यवधान)**...

**श्री अजित सिंह** : दूसरी बात मैं रक्सौल के बारे में कहना चाहूंगा। पिछली बार एक माननीय सदस्य ने रक्सौल के बारे में सवाल उठाया था।...**(व्यवधान)**...

**श्री रामविलास पासवान** : आप पटना एयरपोर्ट के बारे में...**(व्यवधान)**...

**श्री प्रेम चन्द गुप्ता** : रक्सौल दूर पड़ता है।...**(व्यवधान)**...

**श्री अजित सिंह** : जब तक राज्य सरकार जमीन उपलब्ध नहीं करायेगी, तब तक हम वहां एयरपोर्ट कैसे बना सकते हैं।...**(व्यवधान)**...

**श्री रामविलास पासवान** : आपने Bihta के लिए कहा, यह ठीक है। लेकिन उसे expedite ते करवाइए।...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : पासवान जी,...**(व्यवधान)**...

**श्री अजित सिंह** : अब प्रदेश सरकार को ही जबाव देना है, थोड़ी जमीन देनी है। जब तक वे नहीं देंगे तब तक हम उसमें क्या expedite करेंगे।...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : श्री रवि शंकर प्रसाद।...**(व्यवधान)**...

**श्री अजित सिंह** : हमने अभी बिहार सरकार को लिखा है।...**(व्यवधान)**... हमने डिफेंस मिनिस्ट्री को भी लिखा है।...**(व्यवधान)**...

**श्री प्रेम चन्द्र गुप्ता** : आप बिहार को कैसे छोड़ सकते हैं?...**(व्यवधान)**...

**श्री अजित सिंह** : जितनी जमीन डिफेंस के पास है, उतनी जमीन में इंटरनेशनल एयरपोर्ट नहीं बन सकता है। हमने डिफेंस मिनिस्ट्री को जमीन देने के लिए लिखा है, लेकिन उसके बाद भी थोड़ी जमीन प्रदेश सरकार को भी देनी पड़ेगी।...**(व्यवधान)**...

**श्री प्रेम चन्द्र गुप्ता** : यह बिहार का सवाल है।...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : गुप्ता जी, आप बैठ जाइए। श्री रवि शंकर प्रसाद।...**(व्यवधान)**...

**श्री रामविलास पासवान** : सभापति महोदय, आप पटना जायेंगे, तो कैसे जायेंगे?...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : ट्रेन से चले जायेंगे, इसमें क्या प्राब्लम है।...**(व्यवधान)**...

**श्री रवि शंकर प्रसाद** : माननीय मंत्री जी, मुझे आपके उत्तर से थोड़ी चिंता हुई। इसमें मेरे प्रदेश बिहार के प्रति आपका पूर्वाग्रह झलक गया। आपने कहा कि 28 air strips हैं और उनमें से तीन ऑपरेशनल नहीं हैं। अभी रक्सौल में air strip है, भागलपुर में air strip है, ये सब बिहार के बड़े-बड़े टाउन हैं। रक्सौल नेपाल के नजदीक है, वहां ट्रेफिक बढ़ सकता है, नेपाल के लोग वहां से पटना भी जा सकते हैं। मैं आपसे बहुत ही विनम्रता से अनुरोध करता हूं कि आप अपने माइंड-सेट को चेंज करिए। मुझे आपका यह उत्तर बिल्कुल ठीक नहीं लगा कि बिहार में कोई ऑपरेशनल नहीं है।

दूसरी बात जो पटना के बारे में कही गई। मैं पटना के बारे में कहना चाहूंगा कि वहां पर आपकी टीम आई थी, वह टीम हमसे भी मिली थी। पटना का जो अभी का एयरपोर्ट है, उसको भी expand करने की संभावना है। हम लोगों ने इसके बारे में फीडबैक दिया था। आप Bihta को इंटरनेशनल एयरपोर्ट जरूर बनाइये। अगर आप थोड़ा-सा ओपन दिमाग से सोचेंगे, तो बिहार की चिंता हो सकती है। मुझे लगता है कि कहीं न कहीं एक mind block है और इसे हम उचित नहीं मानते हैं। कृपया करके आप बिहार के हितों के बारे में ईमानदारी से सोचिए।

**श्री अजित सिंह** : सभापति महोदय, हम बिहार के लिए बहुत चिंतित हैं, इसीलिए हमने बार-बार सरकार से बातचीत भी की है। आपने रक्सौल की बात बताई। मैं खुद ही कहने वाला था कि पिछली बार एक सदस्य ने इसके बारे में सवाल उठाया था, उसका हमने फिर से सर्वे कराया और जो हमारा प्लान नये एयरपोर्ट डेवलप करने का है, उसमें रक्सौल को फिर से include कर लिया गया है।

**श्री रामविलास पासवान** : सभापति महोदय,...**(व्यवधान)**... पटना में एयरपोर्ट नहीं है।...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : आप अपना सवाल पूछ चुके हैं।...**(व्यवधान)**...

**श्री प्रेम चन्द गुप्ता** : सर, रक्सौल तो दूर है। पटना में एयरपोर्ट...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please...*(Interruptions)*... Please, Mr. Gupta. ...*(Interruptions)*... Please, let the next question be answered.

**श्री अजित सिंह** : सभापति महोदय, मैं माननीय सदस्यों से कहूंगा कि वे बिहार सरकार से कहें कि वह जमीन दे, प्रपोजल भेजे, हम एयरपोर्ट बनाने के लिए तैयार हैं। लेकिन अगर बिहार सरकार जमीन नहीं देगी, तो हम एयरपोर्ट नहीं बना सकते हैं।

**श्री सभापति** : धन्यवाद। श्री संजीव कुमार।...**(व्यवधान)**... प्लीज़, आप बैठ जाइए।...**(व्यवधान)**... This is very unfair. ...**(व्यवधान)**... आप बैठ जाइए।...**(व्यवधान)**...

**श्री साबिर अली** : सभापति महोदय, मैंने तीन बार प्रश्न किया और 12 चिट्ठियां लिखीं।

**श्री सभापति** : आपकी अभी बारी नहीं है।...**(व्यवधान)**...

**श्री साबिर अली** : सर, कोई इतनी अंगुली उठाता है, तो उसे मौका मिल जाता है, हम लोग पूरा हाथ उठाते हैं, मौका नहीं मिलता है। सर, ऐसा नहीं होना चाहिए।

**श्री सभापति** : श्री संजीव कुमार।...**(व्यवधान)**...

**श्री साबिर अली** : अभी रवि शंकर प्रसाद जी ने कहा रक्सौल का मामला है। मैंने 12 चिट्ठियां लिखी हैं।

**श्री सभापति** : आप बैठ जाइए। यह मौका नहीं है।...**(व्यवधान)**...

**श्री साबिर अली** : सर, यही मौका है जब यहां मंत्री जी भी मौजूद हैं और एयरपोर्ट का सवाल है, रक्सौल का सवाल है। मैंने सवाल किया और बाहर चिट्ठियां लिखीं तो सर, अब मौका नहीं तो फिर और कब?...**(व्यवधान)**....

**श्री सभापति** : आप बैठ जाइए।

**श्री अजित सिंह** : चेयरमैन साहब, मैं ऑलरेडी कह चुका हूं कि आपका एयरपोर्ट हमारे प्लान में शामिल है और हम उसको develop करेंगे।

**श्री संजीव कुमार** : सभापति महोदय, मैं झारखंड से आता हूं। झारखंड में विस्थापन की बहुत बड़ी समस्या है। अभी हाल ही में झारखंड के धनबाद में...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : आप इस सवाल पर सप्लिमेंट्री पूछिए।

**श्री संजीव कुमार** : सर, मैं इसी सवाल पर सप्लिमेंट्री पूछ रहा हूं, लेकिन मैं थोड़ी डिटेल्स बता देना चाहता हूं कि धनबाद में Barwadda एक एयरस्ट्रिप्स है। सरकार चाहती है कि उसको मॉडर्नाइज़ किया जाए। उसको मॉडर्नाइज़ करने के क्रम में वहां पर एक पूरी कॉलोनी उजड़ रही है और किसानों के खेत भी उजड़ रहे हैं। जहां भी फसल पैदा होती है, वे सभी जगहें उजड़ रही हैं।

**श्री सभापति** : आपका सवाल क्या है?

**श्री संजीव कुमार** : जबकि उससे सटे हुए बलियापुर में alternative एयरपोर्ट बनाने के लिए जगह मौजूद है। सर, मेरा सवाल यह है कि क्या लोगों को उजाड़ कर ही VIP लोगों के लिए जहाज उतारने की जगह बनाई जाएगी। यदि कोई alternative जगह है, तो क्या लोगों को वहां से बिना उजाड़े कोई व्यवस्था नहीं हो सकती?

MR. CHAIRMAN: This does not relate to the question. Do you wish to answer it?

**श्री अजित सिंह** : मैं माननीय सदस्य से बात करूंगा और उनको पत्र लिखकर जबाव दे दूंगा कि वहां पर क्या परिस्थिति है, अभी मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

**Expansion of fleet strength in AI Express**

*144. SHRI S. THANGAVELU: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Air India Express is considering to expand its fleet strength;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether it is also a fact that the Air India Express has set a target of achieving 35 fleet within a period of three years; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI AJIT SINGH): (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the House.

***Statement***

(a) to (d) As on date there is no proposal for acquisition of more Aircraft by Air India Express (AIE). However, the Turn Around Plan of Air India of which